ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-03-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-03-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-03-23	2022-03-24	2022-03-25	2022-03-26	2022-03-27
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	35.0	34.0	34.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	13.0	13.0	12.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	75	80	75	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	40	45	40	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	8.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	120	100	300
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (15 – 21 मार्च , 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 31.5 से 34.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 15.5 से 22.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 69 से 94 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 45 से 56 प्रतिशत एवं हवा 0.3 से 3.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यत: पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आने वाले पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 34.0 से 35.0 व 12.0 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 27 मार्च से 2 अप्रैल के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पुष्पन के समय बगीचो की जुताई न करें तथा आवश्यकतानुसार बागो की सिंचाई करे। पुष्पन के समय कोई भी कीटनाशी दवा का प्रयोग ना करे। क्योंकि इससे परागण में भाग लेने वाली मक्खियो के मरने का खतरा होता हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम शुष्क रहेगा। सभी फसल व सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्कि सिंचाई करने की

सलाह दी जाती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की बुवाई करें। तराई क्षेत्र में मूंग की बुवाई मार्च के अंत तक कर लें।
चारा मक्की	चारे वाली फसलों -चरी, मक्का, बाजरा, मकचरी, लोबिया और ज्वार आदि की बुवाई मार्च माह में कर सकते है।
गेहूँ	फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। गुल्ली डण्डा व जंगली जई आदि खरपतवारों को निकालकर नष्ट कर दें। गेहूँ में माहू का प्रकोप होने पर, थायोमेथेक्साम 25 डब्लू एस जी के 100 मिली/हैक्टर का या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल के 140 मिली/ हैक्टर का 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 15 दिन पर दूसरा छिड़काव करें। छिड़काव सुबह या शाम उस समय करें जबकि बारिश या तेज हवा नहीं चल रही हों।
सरसों	राई की तैयार फसल की कटाई व मड़ाई करें तथा दानो को सुखाकर भंडारित कर लें।
फील्ड पी	मटर की जब 90 प्रतिशत फलियाँ पक कर भूरे रंग की हो जायें तब कटाई करें। फसल को सुखाकर ओसाई करें। बीज को सुखाकर भण्डारित करें।
चना	चने की फसल में फली बनते समय आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। चना में झुलसा रोग के लिए मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। चना की पत्तियाँ पीली पड़ कर झड़ने लगें, उस समय कटाई करें। कटाई सुबह के समय हसिया से करें तथा 6-7 दिन धूप में सुखा कर गहाई एवं ओसाई करें। दानों को अच्छी तरह सुखा भण्डारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम में गुम्बा (मालफॉरमेसन) होने की दशा में इसको तुरन्त कैची से काटकर निकालते हुए गड्ढा खोदकर उसमे दवा दें।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	गाय के बछड़े जिनकी उम्र 2 माह के आस-पास हो गई है, उनको कृमिनाशक दवा दें।
भेंस	भैंसों के बछड़े जिनकी उम्र 2 माह के आस-पास हो गई है, उनको कृमिनाशक दवा दें।